the Vishwa Hindu Parishad to accomplish it. The Pooja at the disputed site cannot be stopped. Nobody can move the make-shift temple. What is our work now? Only to make the temple grand. That in our opinion is the role of the courts on this issue. So, this is the stand taken by the Vishwa Hindu Parishad people. Yesterday, in the *Hindustan Times* a statement was published: "Asserting that the temple would definitely be built at the disputed site, Mr. Singhal said, stone carving work was being carried out by the Shri Ram Janma Bhoomi Nyas with the money received as interest on the Rs. 8.25 crores collected from the people for the construction of the Ram Temple." On one side, the Vishwa Hindu Parishad people are giving such statements, on the other, the Government is coming forward with statements that no construction will be done. Where is the coherence between them? So, I would like to know whether the Government or the Prime Minister would pull up these VIPs and ask them not to make such irresponsible statements till the mater is decided in the Supreme Court. I would also like to know whether the Government is going to place a White Paper before Parliament giving all the material and explaining the actual situation that is prevailing now. Have we to allow this country to go to pieces hereafter? There should be one voice on one thing. If the Government says that it is going to abide by the court verdict, let there be a court verdict. Till such time the Vishwa Hindu Parishad people should not make such statements. Let the Government come heavily on them to see that no such distinction is made in this matter.

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, गत कई दिनों से यह समाचार मिल रहे हैं कि अयोध्या में विवादित स्थल पर श्री राम मन्दिर बनाने की योजना इस सरकार के अप्रत्यक्ष सहयोग और मौन समर्थन से बन रही है। आए दिन विश्व हिन्दू परिषद् और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिम्मेदार अधिकारियों के संबंध में और इसके समर्थन में वक्तव्य आते रहते हैं। 6 दिसम्बर, 1992 के घटनाक्रम, 6 दिसम्बर से पहले भारतीय जनता पार्टी, विश्व-हिन्दू परिषद् और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लोगों के वक्तव्य और 6 दिसम्बर, 1992 के बाद इन लोगों के वक्तव्य हम सब लोगों के सामने हैं किस-किस प्रकार से इन्होंने कोर्ट में, इस सदन में और सदन से बाहर आश्वासन दिया था और उसके बाद क्या हश्र हुआ। मान्यवर, इस सरकार में जो लोग बैठे हुए हैं, इस सरकार में वही लोग जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए हैं जो या तो इस प्रकार का आश्वासन देने वाले थे या जिनकी उस अयोध्या हादसे में एक प्रमुख भूमिका रही है। उत्तर प्रदेश में मुख्य मंत्री के पद पर जो विराजमान हैं, वह वही सज्जन हैं जिन्हें लिब्रहन कमिशन की ओब्जरवेशन के मुताबिक एक दिन की सज़ा हुई और सज़ा मिलने के बाद उनका यह कथन रहा कि उन्हें इस बात का गर्व है, वह फ़ख्र के साथ इस बात को कहते हैं कि बाबरी मस्जिद को ढहाने के लिए उन्हें एक दिन की सज़ा मिली।

आज वही जिम्मेदाराना ओहदों पर जो चार्जशीटेड हैं, जो चार्जशीटेड रहे हैं, उनके हाथ में इस बात की जिम्मेदारी है कि वे अयोध्या में जो राम मन्दिर बनाने की योजना आर०एस०एस० और विश्व हिंदू परिषद् के माध्यम से बन रही है उसको मूर्त रूप दें। आज जब उन लोगों का वक्तव्य आता है तो उस वक्तव्य पर किसी भी प्रकार का भरोसा नहीं किया जा सकता है। जब लिब्रहांस कमीशन के एक्सटेंशन की बात आती है तो मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि यह कमीशन अयोध्या हादसे के बाद उन सारी घटनाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को सजा दिलाने के लिए बना था। इसलिए यह कमीशन जब तक अपनी प्रक्रिया पूरी नहीं कर लेता है, तब तक इस कमीशन को एक्सटेंशन मिलना चाहिए, ऐसा मेरा आपके माध्यम से निवेदन है। इस सरकार को स्पष्ट रूप से इस संबंध में उजागर करना चाहिए क्योंकि मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि अभी 6 जून को कांग्रेस प्रेजीडेंट ने प्राइम मिनिस्टर को एक लेटर लिखा, उसमें उन्होंने यह कहा था—मैं उसे उद्धृत करना चाहूंगा:

> "Your Government is aware that the VHP or some other organisation controlled by the Sangh Parivar are engaged in activities with the objective of constructing the Ram temple at Ayodhya even before the judicial process which has been set in motion or concluded. If so, what steps are being contemplated to stop these activities?"

इसके उत्तर में प्रधान मंत्री जी ने बड़ा गोलमाल और वेग सा आन्सर देते हुए यह कहा था—एज फार एज

योर सेकेंड प्वाइंट इज कन्सर्ड—मैं उसे उद्धृत करना चाहूंगा जो 7 जून को प्रधान मंत्री जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखाः

> "As far as your second point is concerned.... I cannot comment on your second point which I referred to just now. I cannot comment on your second point as it is based on media reports and your own interpretation thereof and I will say with all strength at my command."

मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि जब इस सदन मे इस विषय पर चर्चा होती है तो इस सदन के सभी सदस्य यह कहते हैं कि अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बनाने की अभी कोई योजना नहीं, कोई पिलर्स की कार्विंग नहीं हो रही है और जब यह बात आती है कि अभी कोई योजना नहीं है, वहीं दूसरी तरफ गृह मंत्री जी वक्तव्य देते हैं, प्रधान मंत्री जी सदन को आश्वासन देते हैं लेकिन वहीं तीसरी तरफ विश्व हिंदू परिषद के चीफ यह कहते हैं, मैं उनको उद्धृत करना चाहूंगाः The VHP leader said, "Under no circumstances the plan to build the Ram temple at Ayodhya would be dropped."

अभी 26 जनवरी, 1996 को सिरोही में जहां पर कि पिलर्स की कार्विंग हो रही है, उपसभाध्यक्ष जी, मेरा भी उस सिरोही में जाना हुआ और वहां लोगों ने बताया कि किस ढंग से कार्विंग पूरी होने के बाद, एक दिन में अयोध्या में मन्दिर बनाने की योजना तैयार हो रही है। अयोध्या में कारसेवक पुरम में जो विवादित स्थल से कुछ कदमों की दूरी पर है वहां कंस्ट्रक्टेड सारे पिलर्स रखे हुए हैं, एक दिन में वहां मन्दिर बनाने की योजना चल रही है।

पिछले समय 6 दिसम्बर, 1992 के समय, जब इस सदन में यह सारी बात आयी थी और जब 1 और 2 दिसम्बर, 1992 को इस बारे में चर्चा हो रही थी तब मैंने एक केसेट के माध्यम से बताया था कि किस ढंग से बाबरी मस्जिद को ढहाने की योजना हो रही है। उसके बाद उस समय नारे लगे थे। आज वह केसेट इस बात का गवाह है कि किस तरीके से नारे उन लोगों के द्वारा लगाए गए थे जो आज इस सरकार में मंत्री बने हुए हैं कि—एक धक्का और दो, बाबरी मस्जिद तोड़ दो। जब ऐसे गैर-जिम्मेदार लोग इस सरकार में मंत्री हों, जब ऐसे गैर-जिम्मेदार लोग, ऐसे लोग इस सरकार में मंत्री हों जिन्हें इस अयोध्या के मामले पर चार्जशीट किया गया हो तो उनकी बात के ऊपर भरोसा नहीं किया जा सकता है। वरना क्या कारण है कि जब सदन में सारे लोग एकमत हैं, जब सब यह कह रहे हैं कि जब तक कोर्ट डिसिजन नहीं हो रहा है तब तक अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बनाने की योजना नहीं हो तो क्यों नहीं सारे लोग एकमत से आज यहां प्रस्ताव पारित करते कि अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बनाने की योजना नहीं हो। मान्यवर, प्रश्न श्रीराम मन्दिर का नहीं है। प्रश्न इस देश में साम्प्रदायिक सद्भाव का है। प्रश्न इस देश में ऐसा वातावरण बनाए रखने का है जिस सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस देश में जनता रहना चाहती है। इस राष्ट्र की जनता इस बात के लिए चिंतित है कि इस देश में 6 दिसंबर, 1992 जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। मुझे याद है, मैं उस प्रदेश से आता हूं, मध्य प्रदेश से, जहां के मुख्य मंत्री ने, उस समय जो मुख्य मंत्री था, उसने यह कहा था कि मुझे इस बात का गर्व है कि मैं आर०एस०एस० का सदस्य हूं। जिसने यह कहा था कि मैं दावे के साथ कह रहा हूं कि जो अयोध्या में हादसा हुआ वह ठीक हुआ और उसी के परिणामस्वरूप तीन राज्यों की सरकार बर्खास्त की गई थी। जिन बातों की पुष्टि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा की गई थी, आज बात यह आती है कि बारंबार अयोध्या में श्रीराम मंदिर की बात क्यों लाई जाती है? मैं भी आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि इस देश के सामने बहुत सारे मसले हैं, बहुत सारी समस्यायें हैं, फिर क्या वजह है कि इस मुद्दे को बार-बार जागृत किया जाता है। जनवरी, 1996 को अशोक सिंघल सिरोही जाते हैं। उसके बाद दो बार वह जाते हैं। क्या वजह है कि सदन के सारे सदस्य एक मत होकर यह मांग नहीं करते कि अशोक सिंघल को गिरफ्तार किया जाना चाहिए? अशोक सिंघल के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। क्या वजह है कि आर०एस०एस० के चीफ ने जब यह वक्तव्य दिया कि किसी भी हालत में वहां मंदिर बन कर रहेगा तो उस आर०एस०एस० के चीफ की भर्त्सना नहीं की जाती है। जब सारे लोग इस बात पर एक मत हैं तो इस बात की मांग क्यों नहीं की जाती है कि ऐसे संगठन जिस संगठन के ओहदेदार होते हुए वह मांग करते हैं, उन संगठनों पर बैन लगना चाहिए क्योंकि इन संगठनों की पुरानी गतिविधियों को मद्देनज़र रखते हुए उन संगठनों पर पहले भी बैन लग चुका है, पहले भी बंदिश लग चुकी है। तो सारे सदस्य, सारा सदन ...(व्यवधान)

श्री सतीश प्रधानः आप लोग.....(व्यवधान)

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, have you permitted him to speak? (*Interruptions*) I am not yielding.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: विश्व हिन्दू परिषद के ऊपर लगाया गया बैन कोर्ट ने गलत साबित किया...**(व्यवधान)** इसलिए उठाया। ....**(व्यवधान)**

श्री सुरेश पचौरी: आप यह मानते हैं कि विश्व हिन्दू परिषद् के चीफ अशोक सिंघल ने जो वक्तव्य दिया है वह सही है या गलत है, अगर यह मानते हैं कि वह गलत है तो उस संगठन के चीफ के खिलाफ कार्यवाही हो और उस संगठन पर बैन लगना चाहिए, यह मानते हैं या नहीं? ....**(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN SHRI ADHIK SHIRODKAR): Don't address him. Address the Chair.

श्री के० आर० मलकानी: सर....**(व्यवधान)** जिसके मन में आता है वह बोलता है। ....**(व्यवधान)** अगर कानून कहीं टूटता है तो कोर्ट उसका हिसाब करेगी।....**(व्यवधान)**

People are free to speak in this country.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Malkani, he is concluding his speech within a minute. There are many more speakers who want to speak on this subject. Let him conclude. Let us not have any disturbance.

श्री सुरेश पचौरी: मान्यवर, अब ये इंटरप्ट नहीं करेंगे तभी तो मैं अपनी बात खत्म करूंगा। ....**(व्यवधान)**

श्री सतीश प्रधान: आप इसको ध्यान में रखिए ....**(व्यवधान)** उनको भी अपने विचार रखने का अधिकार है। ....**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर): मि० प्रधान, प्लीज़, प्लीज़।

श्री सुरेश पचौरी: मान्यवर, एक माननीय सदस्य ने इन्द्रजीत गुप्त के लिए हुए पत्र का उल्लेख किया। मैं उस संबंध में विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहूंगा कि इन्द्रजीत गुप्त उस समय गृह मंत्री थे। इसलिए देशवासी और हम सब आशान्वित थे कि उनके रहते अयोध्या में फिर वह हादसा नहीं हो पाएगा और आपकी मंशा पूरी नहीं हो पाएगी। इसलिए हमने उस समय यह मसला नहीं उठाया था। लेकिन अब वह महानुभाव जो चार्जशीटेड हैं वह देश के गृह मंत्री हैं। वह महानुभाव जो चार्जशीटेड हैं और जिनको चार्जशीटेड होने का गर्व है वह उस प्रदेश के मुख्य मंत्री हैं जिस प्रदेश में यह हादसा होने की आशंका है। इसलिए हम इस चिंता के साथ इस मसले को उठा रहे हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण बात है। ....**(व्यवधान)** मान्यवर, जैसा मैंने कहा कि सिरोही, जहां यह कार्विंग का काम हो रहा है वहां मेरा खुद जाना हुआ है और उसके जो आर्चिटैक्ट मि० सी०पी० सोमपुरा हैं उन्होंने यह बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनाने के लिए 128 फीट टाल, 260 फीट लांग, 140 फीट वाइड पिलर्स की तैयारी हो चुकी है और ऐसी स्थिति है कि एक या दो दिन में जब ये पिलर्स कंप्लीट हो जायेंगे तो बगैर किसी सीमेंट की सहायता के, बगैर किसी आयरन पिलर्स की सहायता के एक या दो दिन में मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो सकता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहूंगा कि एक ओर यह सदन उन संगठनों के खिलाफ एक मत होकर प्रस्ताव पारित करे, उनकी भर्त्सना करे जो इस प्रकार की मांग कर रहे हैं कि वहां श्रीराम मंदिर बनना चाहिए और जब मामला कोर्ट में है तो दूसरी तरफ उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग करे। तीसरी तरफ जो इस प्रकार की पिलर्स की कार्विंग बनाने में सहायता प्रदान कर रहे हैं, क्योंकि खुद विश्व हिन्दू परिषद् के चीफ् का वक्तव्य आया है कि ये जो पिलर्स हैं वे श्रीराम मंदिर के लिए बनाए जा रहे हैं। तो जब यह बात आती है कि कार्विंग करना कोई गुनाह नहीं है तो ठीक है, लेकिन जब मामला कोर्ट में है....**(व्यवधान)** तो उसके लिए जो तैयारी हो रही है और सुनियोजित साजिश चल रही है.... उस साजिश में जो लोग शुमार थे, उन के खिलाफ कार्यवाही हो। महोदय, इस संबंध में सारा सदन अब मौन नहीं रह सकता जब तक कि न केवल गृह मंत्री बल्कि प्रधान मंत्री इस बारे में स्पष्ट रूप से वक्तव्य न दे दें कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं होगा तब तक अयोध्या में किसी भी प्रकार से राम मंदिर बनने की योजना को मूर्तरूप नहीं दिया जा सकता। इसलिए मैं आप के माध्यम से मांग करना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री जी आज ही इस संबंध में वक्तव्य दें और उस संगठन के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही हो जो कि इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना वक्तव्य दे रहे हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Thank you, Mr. Pachouri. I want to make a request to the hon. Members. Since there are many more speakers on this subject, kindly confine yourself to three minutes. It is in your own interest.

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य" (उत्तर प्रदेश)—उपसभाध्यक्ष जी, यह जो विवाद यहां अयोध्या के राम जन्म

भूमि के बारे में हो रहा है, मैं इस से संबंधित 1949 से लेकर बाद तक की घटनाओं का प्रत्यक्षदर्शी रहा हूं। महोदय, 1949 में जब मूर्ति प्रकट हुई या प्रकट की गयी, जो कुछ भी आप कहें, तब उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री कल्याण सिंह जी नहीं थे। उस समय श्री गोविंद वल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे जोकि बाद में इस सदन के सदस्य और देश के गृह मंत्री बने और उस समय देश के प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी थे। उसके बाद मामला अदालत में गया और अदालत में यह कहा गया कि यथा-स्थिति बनी रहेगी—मूर्ति वहां रहेगी, पूजा-अर्चना होती रहेगी और बाहर की तरफ एक ताला लगा दिया गया। वह ताला लगा हुआ था और बाकी चीजें चल रही थीं। श्रीमती इंदिरा गांधी जब 1980 में देश की प्रधान मंत्री बनीं तो 1981 में फैजाबाद और अयोध्या में एक कार्यक्रम शुरू किया गया और वह कार्यक्रम था प्रकटोत्सव का। श्रीमन्, जिस दिन मूर्ति प्रकट हुई थी, उस दिन तालाबंद क्षेत्र में फैजाबाद से जलूस जाता था जिस में सैकड़ों, हजारों लोग शामिल होते थे और वहां जाकर भीतर हवन, पूजा और यज्ञ वगैरा सब कार्यक्रम होते थे। श्रीमन्, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि उस जलूस का नेतृत्व वहां की जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किया करते थे। मैं जात-पात की बात नहीं करता, लेकिन वह जाति के मुसलमान थे। श्रीमन्, इस के बाद श्रीमती इंदिरा गांधी चली गई, उन के जाने के बाद चुनाव हो गया और श्री राजीव गांधी जी इस देश के प्रधान मंत्री हुए। उन के प्रधानमंत्रित्व-काल में अयोध्या का ताला खुला, अदालत के आदेश से खुला, यह मान सकते हैं। उस में उन का तो कोई आदेश था नहीं, अदालत ने जैसे बंद कराया था, वैसे खुलवा दिया। लेकिन श्रीमन्, उस समय पूरे टेलीविजन की टीम उस ताला खोलने की घटना का छायांकन करने के लिए वहां मौजूद थी। सब से पहले व्यक्ति जिनका छायांकन हुआ, वह मेरे चचा थे जो कि आजकल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं और उस समय वहां के विधायक थे। वह सब से पहले वहां पूजा करने के लिए बैठे। उस के बाद की घटनाओं का आप जिक्र करते हैं, उस के पहले की घटनाओं का मैंने जिक्र कर दिया।

श्रीमन्, 1949 से लेकर जो स्थिति पनपती गयी, बढ़ती गयी उस में शिलान्यास किस ने कराया? अयोध्या के पास जाकर हाथ उठाकर चुनाव सभा में क्या कहकर वोट मांगने की कोशिश की गयी? उस समय तो विश्व हिंदू परिषद और किसी ने यह मसला नहीं उठाया था। इसे राजनीतिक रंग देने की किस ने शुरुआत की? उस के बाद मैं 6 दिसम्बर को भी वहां मौजूद था जिस समय वह स्वरूप गिराया गया। श्रीमन्, अगर आप उस समय के वीडियो कैसेट देखेंगे तो पाएंगे कि उस समय मंच पर जो नेता थे, उन्होंने क्या कहा, किस प्रकार की अपीलें हुईं और क्या हुआ। फिर धीरे-धीरे 1949 से लगातार यह बढ़ावा दिया गया और उस बढ़ावे की अंतिम परिणति, उस ढांचे को जिसे हटाने के लिए बातचीत चल रही थी, हटाने के बजाय उस को गिरा दिया गया।

अब श्रीमन्, यहां माननीय प्रणव मुखर्जी जी नहीं हैं, बहुत जोर से अभी नाराज हो रहे थे। वहां पर अगर मस्जिद थी तो मस्जिद में मूर्ति प्रकट कराने के बाद उसके कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए आपका और हमारा पुण्य और पाप अगर देखें तो आपका अगर ज्यादा नहीं है तो कम से कम बराबर तो है ही। इसलिए कम से कम आप तो इस मसले पर बहुत ज्यादा जोर से न बोलें।

श्रीमन्, एक और बात भी है कि हमारे देश में आजादी आने के बाद सत्ता कांग्रेस के हाथ में रही है। अनेक नगरों के नाम, अनेक सड़कों के नाम, अनेक स्थलों के नाम बदलते चले गए। स्वाभाविक था, बदले जाना चाहिए थे। क्यों? क्योंकि कहीं डुप्ले मार्ग, कहीं कार्नवालिस मार्ग, इस प्रकार के मार्गों के नाम सुनने से हमको लगता था कि यह विदेशी आक्रमणकारी के नाम पर है, जिसने हम पर शासन किया है और अगर यही नाम सड़कों के रहेंगे तो हमको थोड़ी सी ठेस लगती है। आपने यह इन्दिरा चौक नाम कर दिया कनाट प्लेस का, राजीव चौक नाम कर दिया। नाम बदलते हैं इसलिए, ताकि पुरानी जो गुलामी की चीजें हैं, गुलामी के काल की चीजें हैं, उनको याद न रखा जाए। यह किससे छिपा हुआ है कि बाबर ने इस देश पर हमला किया और हमला करने के बाद अयोध्या में, रामजन्म भूमि, राम जी का जन्म जहां हुआ, ऐसी सैकड़ों, हजारों वर्षों से मान्यता है, उस स्थान पर एक स्वरूप खड़ा करवा दिया। हमने उस स्वरूप को देखा है, जिसने गिरने से पहले देखा होगा, उसको मालूम होगा कि उसके नीचे का ढांचा मन्दिर का और ऊपर एक मीनार सी बना दी गई थी। उस स्थान को बदलकर फिर से उसका मूल स्वरूप स्थापित हो, इसके लिए जो प्रयत्न होता रहा, उस प्रयत्न की बातचीत में विश्वनाथ प्रताप सिंह जी शामिल थे, चन्द्रशेखर जी भी शामिल थे, नरसिंह राव जी भी शामिल थे। फिर उसमें फतवा लेना, बाकी सब चीजें लेना, यह सारा एक प्रयत्न चलता रहा कि किसी प्रकार से सहमति इसमें हो जाए।

श्रीमन्, मेरे एक गांव के बगल में सहनवा गांव है, जहां के एक मुतवली जो कभी पहले नमाज वगैरह पढ़ाया करते थे मीर वाकी, उन मीर वाकी के गांव में यह मस्जिद जाकर के बनाई जाए, उसके लिए स्थान देखकर सारी बातें हो चुकी थीं। उस समय न केन्द्र में हमारी सरकार थी और न उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी, परन्तु धीरे-धीरे एक कदम आगे बढ़ाने के बाद दो कदम पीछे हटाने का जो परिणाम हुआ, वह है 6 दिसंबर का। उसके लिए आप किसी को दोष दें, किसी को भी कुछ कह सकते हैं। जहां तक बयान आने की बात है, अशोक सिंघल जी या आचार्य गिरिराज किशोर जी मन्दिर वहां बनाने की प्रतिबद्धता का बयान प्रति माह देते हैं, उन्होंने कोई 11 मई के बाद ही बयान नहीं दिया। लेकिन, 11 मई के बाद उनके बयान का महत्व बढ़ गया क्योंकि 11 मई के बाद लोगों को लगा कि हमारे यहां से कोई राजनैतिक एजेण्डा था ही नहीं, हमारे पास कोई आक्रमण करने की बात ही नहीं रही। इसलिए जब हम मन्दिर की बात करते हैं तो कहते हैं कि आप मन्दिर की बात नहीं छेड़ेंगे और जब हम मन्दिर की बात नहीं करते तो घसीटकर इसी पाइंट पर हमको लाते हैं। यह सारी बात आप करते रहे हैं। वैसे हम इसके लिए आपको धन्यवाद देते हैं क्योंकि जितनी आपने यह बात की है उसी का ही यह परिणाम है कि आज हम इधर बैठे हैं और आप उधर बैठे हुए हैं।

श्री सी० एम० इब्राहीम: ज्यादा दिन नहीं बैठेंगे।

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य": खैर, आप तो ज्यादा दिन बैठे ही नहीं। आप क्या बोलेंगे इसमें?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Let us not refer to *Sheikh Chilly*.

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य": सर, एक बात और कहकर मैं अपनी बात खत्म करूंगा। भाई आज़म खान चले गए। हमारे बड़े अच्छे मित्रों में हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में वह काफी दिनों से सक्रिय रहे हैं और मैं पत्रकारिता में सक्रिय रहा हूं। हमारी बड़ी दोस्ती है। उन्होंने एक बहुत अच्छी बात कही कि किसी की भावना को आघात पहुंचा कर इस देश की एकता कायम नहीं रह सकती और इस सिलसिले में उन्होंने माइनोरिटीज की फीलिंग का कहा कि उनको दबाकर इस देश की एकता कायम नहीं रह सकती। अगर माइनोरिटीज की फीलिंग हैं तो मेजोरिटी की भी तो हैं। राम के प्रति, रामजन्म भूमि के प्रति इस देश की जनता की जो भावना है, उस भावना को दबाकर, कुचलकर उस स्थान पर एक आक्रमणकारी का बनाया हुआ ढांचा बनाने का आग्रह करके आप इस देश की एकता को कायम करने की बात करते हैं? क्या वह इस देश की एकता कायम कर सकेंगे? मजहबी आधार पर किसी आक्रमणकारी से अपने को जोड़ने वाला इस देश में किसी से देशभक्ति का प्रमाण मांगे, इससे बड़े दुर्भाग्य की बात कोई नहीं हो सकती।

श्रीमन्, हमने सदैव यह कहा कि इस मसले का हल बातचीत से होना चाहिए और बातचीत से यह समस्या लगभग हल हो चुकी थी, लेकिन कोर्ट ने बीच में ऐसा खोट पैदा किया कि यह समस्या लटकती ही चली जा रही है। जहां तक मन्दिर का सवाल है, वह मन्दिर तो वहां है, पिछले 50 साल से वहां पूजा हो रही है, सारी कुछ विधिवत हो रही है। अब वह उस मन्दिर का स्वरूप भव्य स्वरूप बने या टाट में भगवान का स्वरूप बना रहे, यह निर्णय करना इस देश का काम है।

4 म०प०

लेकिन टाट के स्वरूप को देखकर के, देश में राम के प्रति जो आस्था है, जो रोष पैदा होता है, उसको कम आंकने का खतरा जो उठा रहे हैं, वे सही जन-भावनाओं को नहीं समझ रहे हैं। यह चेतावनी देते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI N.K.P. SALVE (Maharashtra): Sir, I am on a point of procedure. Are we likely to take up the discussion on the Budget? If so, when?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): With me there are still four more names. They are likely to speak on this subejct. After that there will discussion on the Budget.

SHRI N.K.P. SALVE: Sir, will it be before 9 o'clock?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Let us hope so. I am as ignorant as you are on this aspect.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: उप सभाध्यक्ष महोदय, अभी सभी पोलिटिकल पार्टीज़ के लीडर्स से बातचीत करके यह बात तय हुई थी कि लगभग 4.00 बजे के करीब यह चर्चा जब खत्म हो जाए तो बजट पर बहस शुरु कर दी जाए और हैदराबाद का जो मामला है, वह कल ले लेंगे, ऐसी बात तय हुई थी। बजट पर, चाहे सदन रात देर तक चले, चलाकर बजट पर बहस होनी चाहिए।

श्री नरेश यादव (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे आज इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का जो मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, अभी श्री राजनाथ जी अपना वक्तव्य दे रहे थे और उन्होंने अपने वक्तव्य में इस बात को स्वीकार किया है कि यह कृपा मंदिर की है या कृपा राम की है, कि वे इस तरफ से उस तरफ चले गए हैं। जो पार्टी, जो दल इस देश में भगवान को भजा सकता है राज-सत्ता में आने के लिए, वह कुछ भी कुकर्म इस देश में कर सकता है। महोदय, भगवान, ईश्वर या अल्लाह, यह इबादत या पूजा की चीज़ है, राजनीतिक रूप से कैश करने की, भजाने की चीज़ नहीं है। हमने कभी सुना था शास्त्री जी से, हमारे बड़े बुजुर्ग साथी हैं, उन्होंने किसी संत की कही हुई एक बात कही थी, आज दोहराता हूं कि इस बात को अमली जामा पहनाइए:—

"कथनी मीठी खांड सी, कथनी विष की लोय"
साथी आपसे आग्रह करूंगा कि:—
"कथनी छोड़ करनी करो, विष से अमृत होय"

जितनी कथनी प्यारी है, उतनी करनी प्यारी नहीं है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय को शपथ-पत्र दाखिल करने के बाद बार-बार सम्माननीय सदन में उस समय विपक्ष के नेता के द्वारा भी बार-बार यह कहे जाने के बाद कि हम विवादित ढांचे को नहीं गिराएंगे, 6 दिसम्बर, को जो अभी देश के गृह मंत्री हैं और उस राज्य के मुख्य मंत्री हैं और उसमें कई अन्य मंत्री शामिल हैं, उनके सामने, उनके समक्ष उस बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया। सवाल बाबरी मस्जिद का नहीं है, सवाल हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों के विश्वास का है, आस्था का है। मंदिर या मस्जिद ढह जाने से देश नहीं ढहता है, लेकिन जब देश में रहने वाले करोड़ों लोगों का दिल टूटता है तो निश्चित तौर से देश टूटने का आधार बनता है। साथियो, सरकारी पक्ष में बैठे हुए साथियों से हम आग्रह करना चाहते हैं कि देश बड़ा है पार्टी से, पार्टी कभी देश से बड़ी नहीं होती है। इसलिए कम से कम देश का ख्याल रखें। बाबर ने भी कहा, बाबर की बात आप करते हैं, अगर बाबर का वसीयतनामा पढ़ा जाए तो उन्होंने भी लिखा है "कि यह हिन्दुस्तान सभी धर्मों का देश है, विभिन्न भाषा-भाषियों का देश है, सबकी कद्र करनी चाहिए।" यह उन्होंने अपने पुत्र के नाम लिखा है। यह बाबर ने भी कहा है, बाबर ने कभी भी सिर्फ मुसलमानों की बात नहीं कही। बाबर को कोई भी पढ़े और देखे कि बाबर ने क्या लिखा है।

निश्चित तौर से बाबर आकर देश से चला नहीं गया। अंग्रेजों ने इस देश में रहकर लूट-लूटकर खजाने भर लिए लेकिन मुसलमान आए, इस देश को अंगीकार किया, इस देश को स्वीकार किया, यहां रहे... **(व्यवधान)**

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: अफगानिस्तान में क्या किया बाबर ने... **(व्यवधान)**

श्री नरेश यादव: जिसने किया वह भागा। बाबर ने नहीं किया, हुंमायूं ने नहीं किया, अकबर ने नहीं किया, औरंगजेब ने नहीं किया ...**(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Let us give him a patient hearing.

श्री नरेश यादव: महोदय, मैं कह रहा हूं इस बात को कि आज विश्वास पर आघात हुआ है। आज ही अखबार में निकला है और सभी साथियों ने पढ़ा होगा कि आर॰एस॰एस॰ के संचालक श्री राजेन्द्र सिंह ने बयान दिया है कि विवादित स्थल पर ही मंदिर बनेगा और टी॰वी॰ पर और अखबारों में समाचार आ रहे हैं और इन समाचारों से शंका बनती है। इसलिए शंका बनती है क्योंकि ऐसा आप कर चुके हैं। बार-बार देश के सामने विश्वास दिलाकर भी आपने देश के साथ विश्वासघात किया। इसलिए आज आप पर देश को, सदन को विश्वास नहीं है। आप वही करेंगे जो आर॰एस॰एस॰ के लोग कहेंगे, जो बजरंग दल के लोग कहेंगे, जो विश्व हिंदू परिषद के लोग कहेंगे। आप जो कहेंगे, वह नहीं होगा। इसलिए जो बयान आया है, उससे सारा देश चिंतित है। हम गृह मंत्री के बयान की मांग नहीं करना चाहते हैं। वह दोषी हैं। इसलिए हम मांग कर रहे हैं प्रधानमंत्री के बयान की... **(व्यवधान)**

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, I am on a point of order. If we see the rule book, Rule 238 says: "A Member while speaking shall not refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending... *(Interruptions)* We had the patience for 50 years and you cannot wait for two months... *(Interruptions)*

SHRI C.M. IBRAHIM: You rule for even five years, we do not have any objection to it. But play the game according to rules... *(Interruptions)*

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am raising a point of order and please bear with me. The hon. Member is referring to a charge which has not even been

accepted by the judicial authority. The matter is pending before the court. Many Members have mentioned that the matter is pending before the court. I am only taking exception to all that he is saying about Mr. Advani, that he is an accused... *(Interruptions)*

श्री नरेश यादव: महोदय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को सज़ा हो चुकी है लेकिन... **(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र): इसके पहले कई लोगों ने आडवाणी जी का नाम लिया। इसके पहले कई वक्ताओं ने आडवाणी जी के बारे में बोला। आपने उस समय तो यह रूल क्वोट नहीं किया... **व्यवधान)**

श्री एम० वेंकैया नायडू: ऐसा कोई रूल नहीं है कि उसी समय उठाना है... **(व्यवधान)** ऐसा कोई रूल है क्या... **(व्यवधान)** ऐसा कोई रूल है क्या... **(व्यवधान)**

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: आप उन्हें "अपराधी क्यों कह रही हैं... **(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: शास्त्री जी, मैंने कुछ नहीं कहा। मैंने सिर्फ इतना ही कहा कि यह तो उसी समय उठाना चाहिए था...**(व्यवधान)**

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, I am not as rich and as experienced as the hon. Member. I admit it. I am only a learner. I am trying to learn. But I am only worried that I may learn to go to the well of the House just like my senior colleagues did in the morning. I don't want to learn it. I was only reading the rule. With regard to the earlier question of not giving prior notice for raising issues other than the one mentioned in the Special Mention, I went by the direction given by the Chairman. A new Member will either go by the rule book or by the direction of the Chairman. As regards my point, the rule clearly says that a Member cannot refer to a fact on which a judicial decision is pending. Nothing has been finalised regarding the case against Mr. Advani. Time and again, hon. Members have been raising this issue. Now, the hon. Member is attributing motives. He is not ready to believe the Prime Minister. If he is not ready to believe the Prime Minister, if he is not ready to believe the Home Minister, from whom is he expecting his reply?; I just cannot understand. Sir, I request you to delete the reference... *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Is he not entitled to make his point? Kindly sit down. Let me understand the point.

SHRI S.R. BOMMAI: Sir, I am on a point of order. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Bommai, please let him complete.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I also request the Chair to see that the House is run according to the rules which we ourselves have framed and the Rule is very clear, categorical and specific. According to rule 238(1), no such reference can be made.

SHRI S.R. BOMMAI: The Government matter concerning Ayodhya is pending since 1949. Actually, the matter went to court but still it is being discussed by all parties in the House, outside the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): May I know whether it is right or wrong?

SHRI S.R. BOMMAI: Sir, when I was making a report as Chairman of the Committee on Ayodhya, a lawyer Member, of this House gave in writing that "you cannot give a report as the matter is pending before court." He gave it in writing. We had to over-rule that. Sir, the matter is also pending in court. this House is supreme to discuss that. It is not that we are barred. When he says 'accused', the man chargesheeted is the accused. He is not a convict. There is a difference.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: उन्होंने अपराधी शब्द कहा है।... **(व्यवधान)** एक्यूज्ड का मतलब अपराधी नहीं होता।...**(व्यवधान)**

SHRI S.R. BOMMAI: He is an accused. A man who is charge-sheeted is an accused. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Yadavji, Shastriji, ...*(Interruptions)* ... There is a difference in legal terminology. A person who is accused is not an '*apradhi*'. 'Apradhi' means one who is a convict. Merely filing of a charge-sheet unless a charge is framed, is also of no consequence.

SHRI S.R. BOMMAI: What is the word in Hindi for 'accused'? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Kindly don't say that. Kindly withdraw that word '*apradhi*'.

श्री नरेश यादव: मैंने आडवाणी साहब के लिए अपराधी शब्द नहीं कहा है।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि श्री लाल कृष्ण आडवाणी साहब चार्जशीटेड हैं। लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि अपराधी हैं उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री कल्याण सिंह। क्या उन्हें आप हटाएंगे? गृह मंत्री जी, क्या उन्हें बर्खास्त करेंगे, भाजपा की सरकार क्या उन्हें बर्खास्त करेगी। वह अपराधी है इसलिए इसमें कहने की दो राय नहीं है। अभी यह चार्जशीटेड है। लेकिन मैं उस व्यक्ति का सदन में बयान नहीं स्वीकार करना चाहूंगा जो चार्जशीटेड हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी, आकर के सदन को आश्वस्त करें कि यह घटना पुनः दोहराई नहीं जाएगी और जो बाबरी मस्जिद है उस जगह कोई मंदिर नहीं बनाया जाएगा। यह हमारा कहना है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह कहकर के अपनी ओर से, अपने दल की ओर से अपना विचार रखकर के आपने बोलने का समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Good enough. Shri M.P. Abdussamad Samadani. I hope we will not have any reason for heated exchange.

SHRI M.P. ABDUSSAMAD SAMADANI (Kerala): Thank you, Sir. I will confine myself to the limited time possible. Thank you, for allowing me to take part in this highly sensitive discussion. Sir, many hon. Members sitting on the other side were raising a point repeatedly, "What was the provocation now to have this kind of a heated discussion on this point." I do not know whether they are aware of the media reports. Many hon. Members have already emhasised that point. I am only repeating it. The entire Press—I will not mention their names, it need not be mentioned—are repeatedly going on reporting what is going on in Ayodhya. It is a clear violation of the Constitution, a violation of law and order, a violation of the secular norms.

Sir, the secular fabric of the nation is endangered. In such a crucial and sensitive time, it is the responsibility of this august House to discuss the issue and also to request the Government to check these activities and the construction work that is going on in Ayodhya, as per reports. What has become a very sensitive matter nowadays is, whom we should trust and whom we should believe. The assurances of the hon. Prime Minister and other responsible persons in the Government are on one side and on the other side are the provocative statements made by certain organisations, the socalled interested parties. Among those statements, one statement is this: "No power on this earth can prevent us from constructing the mandir there". Actually, the statement says "including the Supreme Court". Our hon. Member on the other side, who is a veteran leader of BJP and we have great respect for him, was raising a point of order whether this kind of an issue should be discussed in this House or not. If that is so, then what about the discussion that is going on outside the Parliament and such utterances that no power on this earth, including the Supreme Court, can prevent them from constructing the mandir?

In such a situation, our request to the Government and also to the hon. Members sitting on the other side is that they should not repeat the same mistake. One historical mistake was already committed on December 6, which a responsible person in the then Government described as the second greatest tragedy after the assassination of the Father of Nation. Such a grave

mistake was already committed. Now they are repeating. I will quote an Urdu couplet.

लम्हात ने खता की थी और सदियों ने सज़ा पाई।

The mistakes we commit in moments, but the consequences will be affecting centuries—tears of centuries, blood-shed of centuries.

Sir, the precious things that we respect in our nation are peaceful coexistence, mutual respect, unity in diversity, national heritage and the cultural ethos of our nation. Everything has been endangered by this activity. So, my request to the Government is that something has to be done urgently to expedite the legal processes that are related with the Ayodhya issue. If the solution is postponed, if that is again prolonged, then the interested parties will get a chance to usurp, to misuse and to create tension and divide the people of this nation. So, something has to be done. Justice delayed is justice denined. I cannot understand why this legal process is again and again prolonged. The Government should take some bold steps. If we really want to solve this problem, if we really want to unite the nation, then something has to be done to expedite the legal process.

Another thing is that the need of the hour is the unity amongst various communities and sections of the country because we are facing so many threats in the international scenario. In such a situation we should do our maximum to unite our people. It is in such a very sensitive situation that these kinds of activities are going on to create disunity in various sections of our people. Desecration and destruction of places of worship is not suitable for civilised societies. Whatever happened has happened. The Government should take bold steps to expedite the legal processes and also have discussions with various sections of people who are related with this issue, instead of worsening the wound. The wound is already there. Instead of making the wound worse by making such provocative statements, we should heal the wound. This can be healed only by Hindu-Muslim unity, Hindu-Muslim fraternity, communal harmony and that is the national heritage of our country. Sir, the minorities have great suspicion, especially in what is going on there. But it is not a majority or minority issue.

It is an issue related with the Consitutation, as one of our hon. Members from the Left Party already mentioned. It is an issue related with secularism. It is an issue of the existence of the nation. It is an issue of our honourable image that has been projected before the arena of nations since years. Sir, I only quote a portion of the drama of Julius Caesar in which Shakeshpeare says though Julius Caesar, "The fault, dear Brutus, is not in our stars but in ourselves that we are underlings." Sir, that cannot be the situation with the minorities and the deprived sections of the society. Gandhiji had said, "All people who live in this country from Cape Camorin to Kashmir, whether Hindus, Muslims, Sikhs, Christians, Parsis or Jews and who are moved by the spirit of service and love for the country have a claim upon India." That claim we emphasise. But, Sir, those people are again creating a problem in Ayodhya. They are trying to divide people again. I only request them by quoting Lama Iqbal:

आ गैरियत के पर्दे इक बार फिर उठा दे, बिछड़ों को फिर मिला दे, नक्शे दुई मिटा दे।

Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Thank you, Mr. Samadani, for travelling from Shakespeare to Mahatma Gandhi in such a short time.

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, अयोध्या का मसला बहुत गंभीर मसला है इसलिए मजबूर होकर मुझे यह कहना पड़ रहा है कि

यह कत्ल करते हैं तो कुछ नहीं होता,
यह कत्ल करते हैं तो चर्चा नहीं होता,
हम आह भरते हैं तो बदनाम होते हैं।

महोदय, इस देश में बहुत सारे* पैदा हो गये हैं। जैसे भू* है, धन* है, वन* हैं, वैसे ही एक और* पैदा हो गये हैं। वह हैं-मन*। उनका मन इतना दूषित है कि कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।

श्री ओंकार सिंह लखावत: कृपया यह हमारी तरफ इशारा करके न कहें। और सब कुछ ठीक है।..

श्री मोहम्मद सलीम: यह आप ही के बारे में कह रहे हैं।

श्री गांधी आज़ाद: मैं आप ही के बारे में कह रहा हूं। मैं सही कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर): आप जो कुछ कह रहे हैं, मुझे देखकर कहिए।

श्री गांधी आज़ाद: मैं आपके माध्यम से ही कह रहा हूं मान्यवर कि यह मन* लोग हैं। इनके मन में कुछ है, यह कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। हाथी के दांत जैसे दिखाने के और होते हैं और खाने के और होते हैं, वैसे ही इनका कार्यक्रम है। मैं उदाहरण के साथ बात करना चाहता हूं कि 1992 में उत्तर प्रदेश में भा०ज०पा० की सरकार थी और तत्कालीन मुख्य मंत्री जो थे, बार-बार संविधान की दुहाई वह दे रहे थे, बार-बार कानून की रक्षा की दुहाई दे रहे थे और देश को बड़ी आशा थी कि यह तो बहुत गर्व के साथ कह रहे हैं कि बाबरी मस्जिद को ठेस नहीं पहुंचाई जाएगी, बाबरी मस्जिद को कुछ नुकसान नहीं होगा लेकिन कहते-कहते 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। मान्यवर, इसलिए आज हमको गंभीर होकर कहना पड़ रहा है कि यह मन* भी इस देश में पैदा हो गये हैं

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please do not repeat the word* again. I am going to direct to delete the word* The word is unparliamentary and is not permitted. There is a ruling to that effect. Kindly avoid reference to the word. The word used will be deleted from your address.

श्री गांधी आज़ाद: मान्यवर, मेरे दिल की बात है, मैं सही कह रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): That is not permitted by the "Unparliamentary Words."

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री गांधी आज़ाद: मान्यवर, अब मैं इसको आगे बढ़ाता हूं। 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद को शहीद कर दिया गया और इसमें हजारों लोगों को देश में जन-धन न्यौछावर करना पड़ा। भा०ज०पा० के यहां बहुत सारे संगठन हैं। सबका अलग-अलग ढंग से बयान आता है। कोई कुछ बयान करता है, कोई कुछ और बयान करता है। मैं प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी से मांग करूंगा कि इनके भड़काऊ बयानों पर रोक लगाई जाए। भाजपा राजनीतिक अपराधीकरण पर रोक लगाना चाहती है, वहीं सुप्रीम कोर्ट के दण्डित व्यक्ति को भाजपा के लोग पुरस्कृत भी कर रहे हैं तो कैसे कहा जाए? मैं फिर उसी शब्द की पुनरावृत्ति करूं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। यह जो सुप्रीम कोर्ट का दण्डित व्यक्ति है उसको कोई पद नहीं देना चाहिए लेकिन उस व्यक्ति को यहां पुरस्कृत किया जा रहा है। क्या यह देश के सम्मान को बढ़ाने की बात की जा रही है। देश को आज इसलिए आशंका है कि आज देश में भाजपा की सरकार कहीं कानून और संविधान और न्यायालय की रक्षा की दुहाई देते देते, आज जैसे प्रधान मंत्री ने बयान दिया है कि वहां पर कुछ नहीं होने दिया जाएगा, लेकिन वह तो बयान यह दे रहे हैं और उनके नीचे के लोग कुछ और बयान दे रहे हैं, इसलिए आज देश को आशंका है कि कहीं 1992 की पुनरावृत्ति तो नहीं होने जा रही है?

श्री मोहम्मद सलीम: हमारी आपत्ति है। बयान जो दे रहे हैं वह प्रधान मंत्री जी के नीचे के लोग नहीं हैं वह ऊपर के लोग हैं।

†[श्री मोहम्मद सलीम: हमारी आपत्ति है। बयान जो दे रहे हैं वह प्रधान मंत्री जी के नीचे के लोग नहीं हैं वह ऊपर के लोग हैं।]

श्री गांधी आज़ाद: आप ऊपर के लोग कह रहे हैं तो ठीक है। कहीं कानून और संविधान और न्यायालय की रक्षा की दुहाई देते-देते वहां मंदिर का निर्माण कार्य भी करा लिया जाए? इसलिए इस सदन के माध्यम से देशवासियों की शंका का समाधान किया जाना चाहिए और अनर्गल बयानों पर रोक लगाई जानी चाहिए, अन्यथा कहीं मंदिर बनाने की आड़ में यह भारत माता का मंदिर न बंट जाए। इसीलिए इस संकीर्णतावाद से ऊपर उठकर के भारतीयता एवं भारत मां की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य बनता है।

†[ ]Transilteration in Arabic Script

महोदय, मैं तो मांग करूंगा, जैसा कि कहा जाता है—मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, लेकिन यहां तो मजहब में इतना बैर हो गया है कि मंदिर-मस्जिद की दीवार में देश को बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। मैं यहां मांग करता हूं कि मंदिर-मस्जिद के स्थान पर वहां कोई राष्ट्रीय स्मारक बना दिया जाए तो यह देश का बवाल ही खत्म हो जाए। वहां पर न्यायालय के निर्णय के बाद ही कोई कार्यक्रम किया जाए। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया इसके लिए आपका धन्यवाद।

SHRIMATI SHABANA AZMI (Nominated): Sir, I rise in support of deep anguish expressed by the hon. Members at the prefabrication activities for the proposed Ayodhya Temple. This coupled with provocative statement of the Sangh Parivar leaders is tantamount to creating tension to a very fragile peace. As somebody who has been a witness to the communal carnage that happened in Bombay, post-Babari Masjid demolition, I shudder to think of a situation in which history might repeat itself. Sir, it takes very little provocation to lignite and escalate communal tension. Let us make it absolutely clear that riots do not occur spontaneously. Riots are engineered; riots are engineered by first creating an atmosphere in which emotion is surcharged. We are afraid that that atmosphere is being re-created. मुम्बई में जो हुआ था उसमें मैं काम कर रही थी रायट्स के दौरान और Apart from the fact that the State completely abidicated its responsibility of protecting lives and property of citizens, apart from the great damage that was caused, at the fag end, justice has not been given to those people till today. Even the greater danger that happened was that there was absolutely division of hearts along religious lines.

सर, मेरी परवरिश ऐसे माहौल में हुई है जो सही मायने में गंगा-यमुनी तहजी है। हम लोग बचपन से ही दीपावली, ईद, क्रिसमस, होली सब त्यौहार मनाते आ रहे हैं और यही मैं अपनी सच्चाई समझती थी।

सर, बाबरी मस्जिद के शहीद होने के बाद पहली बार यह लफ्ज मुसलमान मेरे चेहरे पर इस तरह फैंका गया जैसे कि कोई इल्जाम है, जैसे कि कोई तोहमत है। मुझ से यह पूछा गया कि मैं सबूत दूं कि मैं इस मुल्क की वफादार हूं। कौन होते हैं ये लोग, इनकी कैसे हिम्मत होती है मुझसे यह पूछने की? मेरे मां-बाप इस मुल्क की आजादी में बराबर के शरीक हुए थे, उनको यह चॉइस थ कि वे पाकिस्तान जा सकते थे, लेकिन वह पाकिस्तान नहीं गए क्योंकि उनको पूरा इत्मिनान था, उनको पूरा कांफीडेंस था कि इस मुल्क में वह महफूज रहेंगे। आज अब उनकी बेटी से जो कि पार्टीशन में पैदा भी नहीं हुई थी, उससे अब यह सबूत मांगे कि वह बताये कि उसकी इस मुल्क से किस तरह से वफादारी है।

I do not even want to go into the details of how very frightening the whole atmosphere was and still its. Let us not start believing that this fragile peace that has been offered is a long-term thing. We have to remember that people rush in after a riot takes place, for rehabilitation, whereas the fact is that the maximum work needs to be done before a riot happens in times of peace and so, wherever we think that a contentious issue is gaining ground, it becomes imperative for the powers, for us all, members of the civil society, to see that the act has an intervention and tension is diffused. The hon. Prime Minister's assurance notwithstanding that the court's verdict will be honoured, it is but natural for the country to be apprehensive because the V.H.P. and the R.S.S. leaders who are making these provocative statements are a part of the Sangh Parivar which enjoys the full ear of the present Government. We therefore, feel justified in demanding that strict action is taken against those deliberately trying to escalate communal tension which is violative of the Constitution. We demand that the Government issues a condemnation of the provocative utterances of the Sangh Parivar so that the charge that the B.J.P. speaks in many voices becomes clear. In the absence of such a statement, apprehensions that the Government favours such provocation will only get strengthened.

Secondly, it is important that the Liberhan Commission's term be extended beyond 30th June, so that those who

suffered in the post-demolition riots are given a fair chance for justice to be done by punishing those responsible for the crime. Unless the guilty are punished, we send a very clear signal in the society that there are two kinds of laws in this country. If you kill one person, there is a likelihood that you will get punished. But if you indulge in mass-murdering, as has happened riot after riot, an amnesty of sorts will be granted to you. Such a signal should not be given to the society and we have to see that not only the report of the Liberhan Commission but also the report of the Sri Krishna Commission, which, at the moment, is not being tabled, are made public and we see that action is taken so that those who have been brutalised feel that there is some justice for them in the country. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Thank you, Mrs. Azmi for the brevity in your submissions. Now, Mr. Kuldip Nayyar.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, I am on a point of order. I have given a Calling Attention on the subject. When I have brought this to the notice of the House, the hon. Chairman, in his wisdom, has ruled that my points are under consideration. What are the points raised by me? I have stated that my Calling Attention is pending before the House. You, in your wisdom, have selected Special Mentions. Under the rules, the Government need not react to Special Mentions. Now, we are sitting here for the last $4\frac{1}{2}$ hours. The subject which has been taken up is a serious one. Sir, the entire country is looking at us. . . (*Interruptions*). . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Yes. I know... (*Interruptions*). . . Let him finish. . . . (*Interruptions*). . .

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Is it your right to raise it again?. . .(*Interruptions*). . .

SHRI JANARDHANA POOJARY: Yes. It is my right. . .(*Interruptions*). . . Please sit down. . .(*Interruptions*). . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): I am trying to understand the point of order. I will give my ruling on that.

SHRI VISHNU KANT SHASTRI: Sir, he made his point before the hon. Chairman. . .(*Interruptions*). . . The hon. Member made this very point before the hon. Chairman. He cannot repeat it again. Sir, I seek your protection. . . (*Interruptions*). . . He should not be allowed to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Shastriji, please sit down. Let him speak. If the point is already decided by the Chairman, rest assured that I will not review it.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, please hear me...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Are you raising a fresh point of order or are you repeating the same point of order in which the decision of ...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, I am raising a fresh point of order. Please hear me...(*Interruptions*)... Please hear me...(*Interruptions*)...

SHRI VISHNU KANT SHASTRI: He is repeating the same point ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Shastriji, if it is the same, rest assured it will not be reviewed by me ...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, we are sitting here for the last four and-a-half hours...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please tell me the provision under which you are raising your point of order...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, I am raising my point under Rules 14 and 16. (*Interruptions*) Now, please give

your ruling also. (*Interruptions*) Sir, we are sitting here for the last four-and-a-half hours. (*Interruptions*) Sir, please here me. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Kindly hear me...(*Interruptions*)... When I am speaking, I am bound to take precedence over you. You have quoted Rules 14 and 16. Rule 14 is covered under chapter 5, that is, the President's Address and the Message to the Country...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, kindly see the Hand Book. (*Interruptions*) I think, he has selected a wrong bood. (*Interruptions*) I am raising the point under Rules 14 and 16. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please take it in your hand. I have got two books which are identical. Rule 14 deals with Chapter 5 and Rule 16 deals with President's Address and then something else is there. (*Interruptions*)

SHRI JANARDHANA POOJARY: You are referring to the Handbook ... (*Interruptions*)... It is here. I have read it. (*Interruptions*) We are sitting here for the last four-and-a-half hours. A very serious subject is being taken up today. In the wisdom of the Chair, instead of taking up Calling Attention, Special Mentions have been taken up. Not only entire country, but the entire world is looking at us, what we are doing in this House. so many times reference has been made to the Home Minister, who is the concerned Minister, and to the Prime Minister also, but they do not have ...(*Interruptions*)...

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Sir, what is the point of order ...(*Interruptions*)...

SHRI VISHNU KANT SHASTRI: Sir, you please refer to Rule 14 and 16 ... (*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, they are having scant regard...(*Interruptions*).., Mr. Chairman, in his ruling, when I asked him to direct the Government, said that ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Poojary, even after three minutes I am unable to follow what the point of order is which you are raising. . .(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: You will never follow ...(*Interruptions*)... Please hear me...(*Interruptions*)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Sir, he is saying that you will never follow. He is making derogatory remarks against the Chair ... (*Interruptions*)... Yes, yes, see the record...(*Interruptions*)... See the record...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN: Let us be charitable. He said he did not mean it...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, please direct the Home Minister or the Prime Minister to come here and react, and at least show respect to this Upper House...(*Interruptions*)...

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Sir, what is the point of order?...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): One minute please. You are referring to Rules 14 and 16. They are not in the Handbook. The Handbook is for our guidance. The Point covered under these rules are in the Rules of Procedure. So, Rules 14 and 16 of Rules of Procedure do not apply. Secondly, you are making a request that the hon. Minister should be called. That is not in the province of a point of order. Therefore, I over-rule it. Now, Shri Kuldip Nayyar.

SHRI KULDIP NAYYAR (Nominated): Sir, may I remind the House, through you, that Mahatma Gandhi sacrificed his life for the sake of Hindu-Muslim unity. Shabanaji talked about the incidents after partition. I come from a place which is now part of Pakistan. I have seen what this communal frenzy can

